सीएसआईआर-केन्द्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान
CSIR-CENTRAL DRUG RESEARCH INSTITUTE

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्
COUNCIL OF SCIENTIFIC & INDUSTRIAL RESEARCH

संदर्भ सं. / Ref. No.: 5(25)/2024-Estt.I(Tech)　　　　दिनांक / Date: 17.04.2026

# अधिसूचना / NOTIFICATION

विषय: विज्ञापन संख्या 04/2024 के अंतर्गत तकनीशियन(1) पद हेतु ट्रेड टेस्ट के आयोजन के संबंध में।

**Subject:** Conduct of Trade Test for the post of Technician(1) against Advertisement No. 04/2024 reg- .

*संदर्भ:* सीएसआईआर-सीडीआरआई सूचना संख्या 5(25)/2024-Estt.I(Tech) दिनांक 10.10.2025
*Reference:* CSIR-CDRI Notice No. 5(25)/2024-Estt.I (Tech) dated 10.10.2025

सीएसआईआर-केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीडीआरआई), लखनऊ द्वारा विज्ञापन संख्या 04/2024 के अंतर्गत तकनीशियन(1) पद हेतु जारी उपरोक्त संदर्भित सूचना दिनांक 10.10.2025 में अनंतिम रूप से चयनित (shortlisted) समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त पद हेतु ट्रेड टेस्ट निम्नानुसार तिथि, समय एवं स्थान पर आयोजित की जाएगी।

All provisionally shortlisted candidates for the post of Technician(1) under Advertisement No. 04/2024, as notified vide CSIR-Central Drug Research Institute (CSIR-CDRI), Lucknow notice dated 10.10.2025, are hereby informed that the Trade Test for the said posts shall be conducted on the date, time and venue as specified under.

| विवरण / Particulars | ब्यौरा / Details |
|---|---|
| पद का नाम / Name of Post | तकनीशियन(1)<br>Technician(1) |
| विज्ञापन संख्या / Advertisement No. | 04/2024 |
| ट्रेड टेस्ट की तिथि / Date of Trade Test | 09 मई 2026 (शनिवार)<br>09th May 2026 (Saturday) |
| रिपोर्टिंग समय / Reporting Time | प्रातः 08:30 बजे<br>08:30 A.M. |
| गेट बंद होने का समय / Gate Closure | प्रातः 09:30 बजे (तत्पश्चात प्रवेश वर्जित)<br>09:30 A.M. (no entry thereafter) |
| स्थान / Venue | सीएसआईआर-केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान, सेक्टर-10, जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ-226031<br>CSIR-Central Drug Research Institute, Sector-10, Jankipuram Extension, Sitapur Road, Lucknow-226031 |
| प्रवेश पत्र डाउनलोड / Admit Card Download | 30 अप्रैल 2026 से www.cdri.res.in पर उपलब्ध<br>From 30th April 2026 at www.cdri.res.in only |

2. प्रवेश पत्र केवल संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट www.cdri.res.in से **30 अप्रैल 2026** से डाउनलोड किया जा सकेगा। प्रवेश पत्र जारी करने का अन्य कोई माध्यम (डाक, ईमेल पर भौतिक प्रेषण आदि) स्वीकार्य नहीं होगा।

   The Admit Card shall be downloadable exclusively from the official website of the Institute, viz. www.cdri.res.in, with effect from 30th **April 2026**. No other mode of issuance (post, physical dispatch via email, etc.) shall be admissible.

3. अभ्यर्थी प्रवेश पत्र की स्पष्ट, सुपाठ्य रंगीन मुद्रित प्रति (A4 आकार) पर नवीनतम पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो चस्पा कर, निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर सहित, परीक्षा स्थल पर प्रस्तुत करेंगे।

   Candidates shall present at the examination venue a clear, legible colour printout of the Admit Card (A4 size), affixed with a recent passport-size colour photograph and duly signed at the designated place.

4. प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई की स्थिति में अभ्यर्थी recruit.cdri@csir.res.in पर अपनी पंजीकरण संख्या एवं नाम सहित ईमेल प्रेषित करें। टेलीफोनिक अनुरोध स्वीकार्य नहीं होंगे।

   In the event of any difficulty in downloading the Admit Card, candidates shall send an email to recruit.cdri@csir.res.in quoting their registration number and name. Telephonic requests shall not be entertained.

5. समस्त अभ्यर्थी ट्रेड टेस्ट के दिन निम्नलिखित दस्तावेज़ मूल रूप में तथा एक-एक स्व-सत्यापित छायाप्रति सहित अनिवार्यतः प्रस्तुत करेंगे। किसी भी अनिवार्य दस्तावेज़ के अभाव में अभ्यर्थी को परीक्षा में प्रविष्ट होने से वंचित कर दिया जाएगा एवं इस संबंध में कोई अभ्यावेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

   All candidates shall compulsorily produce the following documents in original along with one self-attested photocopy of each on the date of the Trade Test. In the absence of any mandatory document, the candidate shall be debarred from appearing in the test, and no representation in this regard shall be entertained.

| क्र./Sl. | आवश्यक दस्तावेज़ | Documents Required |
|---|---|---|
| I. | प्रवेश पत्र की मुद्रित प्रति (रंगीन फोटो सहित) | Printed copy of Admit Card (with recent colour photograph) |
| II. | वैध मूल फोटो पहचान पत्र (आधार/पैन/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/मतदाता पहचान पत्र) | Valid original photo ID (Aadhaar / PAN / Passport / Driving Licence / Voter ID) |
| III. | शैक्षणिक योग्यता के समस्त मूल प्रमाण-पत्र एवं अंकतालिकाएँ तथा एक-एक स्व-सत्यापित छायाप्रति | All original educational qualification certificates and mark-sheets along with one self-attested photocopy of each |

| क्र./Sl. | आवश्यक दस्तावेज़ | Documents Required |
|---|---|---|
| IV. | आईटीआई/एनसीवीटी/एससीवीटी ट्रेड प्रमाण-पत्र (मूल एवं स्व-सत्यापित प्रति) यदि लागू हो | ITI / NCVT / SCVT Trade Certificate (original and self-attested copy), if applicable |
| V. | जाति/श्रेणी प्रमाण-पत्र (अजा/अजजा/अपिव-एनसीएल/ईडब्ल्यूएस/दिव्यांगजन), यदि लागू हो, निर्धारित प्रारूप में | Caste / Category Certificate (SC/ST/OBC-NCL/EWS/PwBD), if applicable, in the prescribed GoI format |
| VI. | अनुभव प्रमाण-पत्र, यदि ऑनलाइन आवेदन में दावा किया गया हो | Experience Certificate(s), if claimed in the online application |
| VII. | केंद्र/राज्य सरकार/सीएसआईआर के कर्मचारियों हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) | No Objection Certificate (NOC) from the competent authority for candidates serving in Central/State Govt./CSIR |

6. रिपोर्टिंग समय का कठोरतापूर्वक अनुपालन अनिवार्य है। विलंब से आने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा स्थल पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

   Strict compliance with the reporting time is mandatory. Candidates arriving late shall, under no circumstances, be permitted entry into the examination venue.

7. ट्रेड टेस्ट की तिथि, समय अथवा स्थान में परिवर्तन हेतु किसी भी अभ्यर्थी का अनुरोध स्वीकार्य नहीं होगा। यह सूचना ही अंतिम होगी।

   No request from any candidate for change of date, time or venue of the Trade Test shall be entertained. This notice shall be treated as final.

8. अभ्यर्थी अपनी यात्रा, आवास एवं भोजन की व्यवस्था स्वयं करेंगे। परीक्षा हेतु कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता (टीए/डीए) देय नहीं है।

   Candidates shall make their own arrangements for travel, boarding and lodging. No Travelling Allowance / Daily Allowance (TA/DA) shall be admissible for attending the Trade Test.

9. बिना प्रवेश पत्र, मूल फोटो पहचान पत्र अथवा अनिवार्य दस्तावेज़ के किसी भी अभ्यर्थी को परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

   No candidate shall be permitted entry into the premises without the Admit Card, valid original photo identification and the mandatory documents.

10. परीक्षा स्थल पर मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ उपकरण, कैलकुलेटर, कैमरा, पेन-ड्राइव, बैग, पुस्तकें, मुद्रित/हस्तलिखित सामग्री अथवा किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक/संचार उपकरण ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। ऐसी वस्तुओं की सुरक्षित अभिरक्षा की व्यवस्था संस्थान द्वारा नहीं की जाएगी।

    Carrying mobile phones, smart watches, Bluetooth devices, calculators, cameras, pen-drives, bags, books, printed/handwritten material or any electronic/communication device

of any kind into the examination venue is strictly prohibited. The Institute shall not provide safe custody for such articles.

11. परीक्षा हॉल/कार्यशाला के भीतर अनुचित साधनों का प्रयोग, दुर्व्यवहार अथवा किसी भी प्रकार की अनियमितता पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 एवं भारत सरकार/सीएसआईआर के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी तथा अभ्यर्थी की उम्मीदवारी तत्काल निरस्त कर दी जाएगी।

    Use of unfair means, misconduct or any irregularity within the examination hall/workshop shall attract action under the Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023 and the relevant provisions of GoI/CSIR, and the candidature of the candidate shall be cancelled forthwith.

12. अभ्यर्थी स्वच्छ एवं सुपाठ्य लेखन सामग्री (नीला/काला बॉल पेन) स्वयं लाएँ।

    Candidates shall bring their own clean and legible writing material (blue/black ball-point pen).

13. यदि किसी भी स्तर पर अर्थात चयन प्रक्रिया के पूर्व, दौरान अथवा पश्चात् यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी ने असत्य, भ्रामक अथवा जाली सूचना प्रस्तुत की है, अथवा महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया है, अथवा विज्ञापित शर्तों के अनुसार अपात्र है, तो उसकी उम्मीदवारी बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त कर दी जाएगी तथा सक्षम प्राधिकारी के निर्णयानुसार विधिक कार्रवाई की जा सकेगी। यदि नियुक्ति के उपरांत ऐसी असत्यता का पता चलता है, तो नियुक्ति सीसीएस (सीसीए) नियम, 1965 के प्रावधानों के अंतर्गत समाप्त की जा सकती है।

    Should it be detected at any stage i.e. before, during or after the selection process—that a candidate has furnished false, misleading or fabricated information, or has concealed material facts, or is ineligible as per the terms of the advertisement, the candidature shall be cancelled without prior notice and legal action may be initiated as per the decision of the competent authority. In the event that such falsity is detected after appointment, the appointment shall be liable to be terminated under the provisions of the CCS (CCA) Rules, 1965.

14. विज्ञापन संख्या 04/2024 के अनुसार तकनीशियन(1) पद हेतु चयन प्रक्रिया दो-चरणीय होगी, जिसका प्रथम चरण ट्रेड टेस्ट जो की दिनांक **09- मई-2026** को आयोजित किया जा रहा है तथा द्वितीय चरण लिखित परीक्षा होगी जो की संभवतः **30-मई-2026** को आयोजित की जाएगी। यह विशेष रूप से स्पष्ट किया जाता है कि ट्रेड टेस्ट अर्हक प्रकृति (qualifying nature) की होगी तथा इसमें केवल वही अभ्यर्थी अर्हित माने जाएँगे जो चयन समिति द्वारा निर्धारित न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करेंगे। मात्र ट्रेड टेस्ट में अर्हक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी ही अनुवर्ती लिखित परीक्षा हेतु बुलाए जाएँगे। ट्रेड टेस्ट में प्राप्त अंकों की अंतिम मेरिट सूची में कोई गणना नहीं की जाएगी।

    In terms of Advertisement No. 04/2024, the selection process for the post of Technician(1) shall be two-tier, comprising the Trade Test which will be conducted on **09-May-2026** as the first stage and the Written Examination which will be tentatively conducted on **30-May-2026** as the second stage. It is expressly clarified that the Trade Test shall be of qualifying nature, and only those candidates shall be deemed qualified who secure the minimum qualifying marks as prescribed by the Selection Committee. Only such candidates as qualify the Trade Test shall be called for the subsequent Written Examination. Marks obtained in the Trade Test shall not be counted towards the final merit list.

15. लिखित परीक्षा से संबंधित विस्तृत विवरण/प्रवेश पत्र संस्थान की वेबसाइट www.cdri.res.in पर पृथक से यथासमय उपलब्ध कराए जाएँगे।

Detailed information and Admit Cards pertaining to the Written Examination shall be made available separately, in due course, on the Institute's website www.cdri.res.in.

16. अभ्यर्थी परीक्षा-पूर्व एवं परीक्षा-पश्चात् सभी अद्यतन सूचनाओं हेतु संस्थान की वेबसाइट www.cdri.res.in तथा अपने पंजीकृत ईमेल पते की नियमित जाँच करते रहें। पृथक से कोई व्यक्तिगत सूचना प्रेषित नहीं की जाएगी।

Candidates are advised to regularly check the Institute's website www.cdri.res.in and their registered email address for all updates, both before and after the Trade Test. No separate individual communication shall be dispatched.

वरिष्ठ नियंत्रक प्रशासन
Sr. Controller of Administration
सीएसआईआर-सीडीआरआई, लखनऊ / CSIR-CDRI, Lucknow

प्रतिलिपि / Copy to:

1. निदेशक, सीएसआईआर-सीडीआरआई — सूचनार्थ / The Director, CSIR-CDRI — for kind information.
2. प्रभारी, कम्प्यूटर प्रभाग — कृपया संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करें / Head, Computer Division — requested to upload on the Institute's website.
3. कार्यालय प्रति / Office Copy.